आकाशवाणी शिमला

30.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

इस्तीफा

अपने विधायक पद की सदस्यता से 22 मार्च को इस्तीफा देने वाले तीन निर्दलीय विधायक कृष्ण लाल ठाकुर, होशियार सिंह, और आशीष शर्मा इस्तीफा स्वीकार न होने पर आज विधानसभा परिसर शिमला में धरने पर बैठ गए हैं। इन विधायकों का आरोप है कि विधानसभा सचिवालय राज्य सरकार के दबाव में काम कर रहा है और विधानसभा अध्यक्ष इस्तीफे को मंजूर नहीं कर रहे हैं। निर्दलीय विधायकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए क्योंकि तीनों निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर विधानसभा सचिवालय पहुंचकर इस्तीफा दिया था ऐसे में जब बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से इस्तीफ़ा दिया गया है तो विधानसभा अध्यक्ष को इसे मंजूर कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर इस्तीफ़ा शीघ्र मंजूर नहीं हुआ तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

अनुराग ठाकुर

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिलाओं का सशक्तिकरण बढ़ाने के लिए वो सभी कदम उठाए हैं जिनकी एक दशक पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढाने के अनेक उपाय कर रही है। अनुराग ठाकुर नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य और उद्योग परिसंघ–फिक्की की महिला शाखा की 40वीं वार्षिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने देश में 31 करोड़ महिलाओं को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराए हैं और एक करोड महिलाओं ने एक लाख रूपये की आय का आंकडा पार कर लिया है जिन्हें अब लखपति दीदी कहा जाता है।

विक्रमादित्य सिंह

प्रदेश में 4 लोकसभा व 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख दल अपने–अपने पक्ष में लोगों को करने के लिए जुट गए हैं। दोनों ही राजनीतिक पार्टियां बैठकें कर कार्यकर्ताओं को चुनाव रणनीति पर सुझाव दे रही हैं और लोगों तक अपनी उपलब्धियों को पहुंचाने का आग्रह कर रही हैं। इसी कड़ी में लोक निर्माण मंत्री व मण्डी लोकसभा चुनाव क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान इस चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा के समय कंगना रणौत गायब थीं जबकि चुनाव में भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाने के बाद उन्हें मण्डी की खूबियां दिख रही हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आपदा के समय भी मण्डी की बेटी कंगना रणौत ने यहां के प्रभावितों की सुध नहीं ली जबकि वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह ने मण्डी संसदीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री के साथ लोगों का दर्द बांटा और विकास कार्य किए।

श्रीकांत शर्मा

प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार 4 सौ पार और हिमाचल की चार की चार सीटें जीतने के नारे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज शिमला में भाजपा जिला अनुसूचित मोर्चा और शिमला मण्डल की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प लेते हुए हर बूथ पर पूरे प्रदेश में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि 2004 से 2014 में कांग्रेस की यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में 15 घोटाले हुए जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम किया है।

कांग्रेस–आरोप

प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने भाजपा पर राज्य सरकार द्वारा ऋण लेने के नाम पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि 72 हज़ार करोड़ से अधिक का ऋण और 10 हज़ार 5 सौ करोड़ से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियां प्रदेश सरकार को पूर्व भाजपा सरकार से विरासत में मिली हैं। किमटा ने कहा कि वित्तीय कुप्रबंधन, गलत निर्णयों व नीतियों के चलते पूर्व भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के खजाने पर जो अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला गया, उसके लिए उन्हें प्रदेश की जनता से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के मध्यम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बारिश व ओलावृष्टि और बर्फबारी का समाचार है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में आए बदलाव से किन्नौर, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, शिमला और लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियां पर बर्फबारी हुई है। लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फबारी से मनाली–केलंग मार्ग समेत घाटी की सभी अंदरूनी सड़कें आवाजाही के लिए बाधित हो गई हैं। किन्नौर के कल्पा, सांगला और छितकुल क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बर्फबारी हुई है और कई इलाकों में हिमस्खलन का खतरा भी बढ़ गया है। उपायुक्त अमित शर्मा ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है। निचले मैदानी क्षेत्रों में कई स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ ओलावृष्टि व बारिश होने से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। हलांकि कई इलाकों में इस वर्षा ने मटर, गोभी और लहसुन की फसल के लिए संजीवनी का काम किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 31 मार्च तक प्रदेश के कई भागों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है।

....